प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 28.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारतीय सेना ने श्रीनगर में आज चलाया ऑपरेशन महादेव : मारे गये पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादी।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो अगस्त को प्रस्तावित वाराणसी दौरे पर देंगे 2248 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज कार्यक्रम की तैयारियों को परखा।
3. बाराबंकी के औसानेश्वर महादेव मंदिर में करेंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत, 30 घायल : मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 5–5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने का किया ऐलान। और
4. सावन के तीसरे सोमवार पर प्रदेशभर के शिवालयों में उमड़े भक्त : वाराणसी में बाबा विश्वनाथ का किया गया अर्धनारीश्वर रूप में श्रृंगार।

————————

पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को आज सेना ने मार गिराया। ऑपरेशन महादेव के तहत आज सुबह श्रीनगर में हरवान के लिडवास क्षेत्र में सेना और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में इन आतंकियों को मारा गया। इस बीच, इलाके में तलाशी अभियान जारी

है। वहीं लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत की कारवाई को सशक्त, सफल और निर्णायक सैन्य कार्रवाई बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने पाकिस्तान को यह कड़ा संदेश दिया कि आतंकवाद और बातचीत साथ–साथ नहीं चल सकते।

बाइट....

*सभ्य मुल्कों के बीच बातचीत होती है। अध्यक्ष महोदय लोकतांत्रिक देशों में बातचीत होती है। पर एक ऐसा देश जिसके वजूद में लोकतंत्र का एक कतरा भी न हो और सिर्फ रिलीजियस फैनेटिसिज्म, टेररिज्म और हेट्रेड अगेंस्ट इंडिया हो, उसके साथ संवाद किसी भी सूरत में नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की नीति और चरित्र हो। कोई भ्रम नहीं रहना चाहिए। यह एक ऐसा देश है जो वैश्विक आतंकवाद की नर्सरी है और उन्होंने इसको अपनी स्टेट पॉलिसी का भी एक आधार बनाया। अध्यक्ष महोदय मैं लोकतंत्र के मंदिर में खड़े होकर यह बात कह रहा हूं कि भारत को थाउजेंड कट्स देने का सपना पालने वालों को नींद से झक जाना चाहिए।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2 अगस्त को प्रस्तावित दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था के बारे में भी जानकारी ली। कल सुबह श्री योगी सेवापुरी बनौली गांव स्थित प्रधानमंत्री की जनसभा स्थल का दौरा कर सुरक्षा, पार्किंग स्थल, पेयजल, यातायात सहित सभी बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। वहीं वाराणसी के मंडलायुक्त एस राज लिंगम ने बताया कि प्रधानमंत्री अपने

संसदीय क्षेत्र के इक्यावनवें दौरे पर वाराणसी को 2248 करोड़ की लागत वाली 54 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां तेज़ी से पूरी की जा रही हैं। बाइट....

*इसमें माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा लगभग पंद्रह प्रोजेक्ट छह सौ तीस करोड़ का इसका लोकार्पण किया जायेगा और लगभग अड़तीस प्रोजेक्ट जो सोलह सौ अठारह करोड़ का उसका शिलान्यास किया जायेगा। इस प्रकार कुल बाईस सौ अड़तालीस करोड़ का प्रोजेक्ट का लोकार्पण और शिलान्यास की जाएगी। अब की बार ये बौली जो क्षेत्र में प्रस्तावित है। इस क्षेत्र में इसके पहले कोई जनसभा नहीं हुई है और जो सुरक्षा से संबंधित और अन्य जो तैयारियां हैं वो सारी तैयारियां जिला प्रशासन लगभग पूरा कर चुके हैं और वहां जो और व्यवस्थाएं होनी चाहिए। सुरक्षा की दृष्टि से आने वाले लोगों के लिए जो मूलभूत सुविधाएं हैं उसकी दृष्टि से वो सारी तैयारियां कर चुके हैं।*

——————————

सर्वोच्च न्यायालय ने आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा की एक याचिका पर सुनवाई की। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ए.जी. मसीह की पीठ ने शुरुआती दलीलें सुनने के बाद फिलहाल मामले की सुनवाई स्थगित कर दी है, अगली सुनवाई बुधवार को होगी।

——————————

नवोदय विद्यालयों में नवीं और ग्यारहवीं कक्षा में सत्र 2026–27 में सीधे प्रवेश के लिए 23 सितंबर 2025 तक

आवेदन किए जा सकते हैं। प्रवेश के लिए सिलेक्शन टेस्ट 7 फरवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा।

——————

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को आईआईएम कोलकाता का निदेशक नियुक्त किए जाने के बाद उन्हें पद से मुक्त कर दिया गया है। उनकी जगह प्रोफेसर मनुका खन्ना को कुलपति का प्रभार सौंपा गया है। प्रोफेसर मनुका खन्ना लखनऊ विश्वविद्यालय की दूसरी महिला कुलपति बनी हैं। इससे पहले वर्ष 1999 में प्रो. रूपरेखा वर्मा ने यह पद संभाला था।

——————

अवैध धर्मांतरण के मामले में बलरामपुर जिले से गिरफ्तार मुख्य आरोपित जमालुद्दीन उर्फ छांगुर को प्रवर्तन निदेशालय ने आज विशेष अदालत में पेश किया। ईडी ने जमालुद्दीन से पूछताछ के लिए कोर्ट से 14 दिन का कस्टडी रिमांड के लिए अर्जी दाखिल की थी। आज मामले में सुनवाई के बाद न्यायालय ने पांच दिन की कस्टडी रिमांड स्वीकार कर ली है। अब ईडी उसे अपनी हिरासत में लेकर यह जानने का प्रयास करेगी कि धर्मांतरण मामले में उसे कहां से फंडिंग हो रही थी।

——————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

रक्षा लेखा महानियंत्रक डॉ. मयंक शर्मा ने आज प्रयागराज के प्रधान नियंत्रक रक्षा लेखा पेंशन कार्यालय में रक्षा पेंशन पर आधारित गैलरी धरोहर का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत के दौरान डॉ.शर्मा ने कहा कि प्रधान रक्षा लेखा नियंत्रक द्वारा ऑटोमेटेड प्रणाली स्पर्श के माध्यम से पिछले एक वर्ष में चार लाख से अधिक शिकायतों का समाधान किया गया है। बाइट.....

*बहुत सारे पेंशनर्स ऐसे थे लगभग साढ़े छह लाख जो पहले अलग अलग स्थानों से पेंशन देते थे और ये कहा गया की उनकी पेंशन को भी स्पर्श में ले आये। तो बत्तीस लाख में से बाकी सबकी पेंशन बिल्कुल करेक्ट थी। इनमें कुछ डाटा में प्रॉब्लम थी और वो डाटा को हमने स्पर्श में लाकर उसको ठीक करने का एक बहुत बड़ा अभियान चलाया है और मुझे बताते हुए हर्ष होता है की उस अभियान के तहत लगभग पाँच लाख पेंशनर्स का डाटा हम बहुत कम समय में लगभग चार पाँच महीने में करेक्ट कर पाए है और बाकी भी बहुत जल्दी कर लेंगे।*

——————————

पवित्र सावन माह के तीसरे सोमवार पर प्रदेश भर में श्रद्धालु और कांवड़ियों ने शिवालयों में पूजन और जलाभिषेक किया। अयोध्या में सुबह से ही शिव भक्तों के सरयू स्नान के बाद नागेश्वरनाथ महादेव का जलाभिषेक का सिलसिला जारी है। गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर और मुक्तेश्वरनाथ मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी हैं। वाराणसी में आज बाबा विश्वनाथ का श्रृंगार अर्धनारीश्वर रूप में किया गया है। पेश है एक रिपोर्ट.....

*श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में सावन के तीसरे सोमवार का आरम्भ मंगला आरती के साथ श्रद्धापूर्वक किया गया। मंगला आरती के बादधाम के बाहर श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की गई। बाबा विश्वनाथ के अर्धनारीश्वर स्वरूप के दर्शन पाकर श्रद्धालु भाव विभोर होकर जय भोले बाबा के जयकारे लगा रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कांवड़ मार्ग से लेकर बाबा के दरबार तक सुरक्षा, सफाई, सुगम दर्शन, कांवड़ शिविर की व्यवस्था आदि सभी के सुदृढ़ इंतज़ाम किए गए हैं। सुगम दर्शन के मद्देनज़र गोदौलिया से मैदागिन तक नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। बारिश, धूपव गर्मी से बचाव के लिए शेड के अतिरिक्त धाम में गुड़ के साथ श्रद्धालुओं को ओआरएस भी दिया जा रहा है। भक्तों की सुविधा के लिए कई स्थानों पर एलईडी टीवी लगाकर गर्भगृह के दर्शन पूजन का सजीव प्रसारण किया जा रहा है। वहीं महिला कांवड़ियों की बड़ी संख्या को देखते हुए बड़ी तादाद में महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। मनीष सिंह,आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

———————

आज सुबह बाराबंकी के औसानेश्वर महादेव मंदिर में बिजली का तार टिन शेड पर गिरने से करेंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई और लगभग 30 लोग

घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई, जब श्रद्धालु सावन के तीसरे सोमवार को दर्शन के लिए कतार में खड़े थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख व्यक्त किया है और अधिकारियों को घायलों का समुचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को 5–5 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा ने बताया कि फिलहाल स्थिति सामान्य और दर्शन सामान्य रूप से जारी हैं। बाइट.....

*एक बंदर के एक तार पर लटकने के कारण वो तार जो था ऊपर जो तीन शेड था उस पर टच करा जिससे की जो मंदिर के ऊपर का आरिया था बारिश भी हो रही थी उस वजह से उसमें करेंट आ गया जिसमें दो लोगों की दुखद मृत्यु हुई है और कुछ लोग उसमें इंजर्ड हुए थे वो सभी हॉस्पिटल में गए थे। लगभग सभी लोगों को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। चार पाँच लोगों को भी अंडर ऑब्जर्वेशन किया गया है और स्थिति सामान्य है उसके बाद से लगातार दर्शन चल रहे हैं और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर है।*

———————

उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन प्रदेश में नेशनल यूथ गेम्स के पहले संस्करण की मेज़बानी के लिए दावेदारी पेश करेगा। यह फैसला कल हुई एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में लिया गया। बैठक में उपमुख्यमंत्री और एसोसिएशन के चेयरमैन बृजेश पाठक और प्रसार भारती के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल भी मौजूद रहे।

———————————

प्रदेश की राजधानी लखनऊ समत पूर्वी जिलों में आज रुक रुक कर हो रही बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में आगामी 24 घंटे में भारी वर्षा और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

(समाप्त)